systems play

एक तंत्र अन्वेषक शब्दावली

अंतरालीय स्थान

विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाएं जो स्थानों में उत्पन्न होती हैं और सत्ता की कुछ प्रमुख सामाजिक संरचनाओं के भीतर दरार पैदा करती हैं.

एनवाइजनिंग रीयल यूटोपिया, एरिक ओलिन राइट.

अट्रेक्टर (आकर्षी)

साँचे जिनमें एक तंत्र के व्यवस्थित होने का झुकाव होता है. जब तक मापदंड अपरिवर्तित रहते हैं, यदि तंत्र अट्रेक्टर के पर्याप्त नजदीक से गुजरता है, तो यह कभी उस क्षेत्र को नहीं छोड़ेगा. (पोर्ट एन्ड वान जेल्डर, पे. 573). सबसे सरल उदाहरण एक आकर्षी बिंदु, जैसे किसी पेंड़लम झूले का सबसे निचला बिंदु होता है.

अप्रत्याशित परिणाम

जटिलता की प्रकृति के कारण हम चीजों से निर्धारणात्मक रूप में व्यवहार करने की अपेक्षा नहीं कर सकते और जब हम किसी गतिविधि को दोहराते हैं तो हम इससे दूसरी बार उसी रूप में विकसित होने की अपेक्षा नहीं कर सकते हैं.

अनुकूलन चक्र

एक अवधारणात्मक मॉडल, एक जटिल तंत्र के लचीलेपन की मात्रा के विषय में समझ विकसित करता है. यह जैवभौतिक तंत्रों, सामाजिक-आर्थिक तंत्रों और संयुक्त मानवीय-प्राकृतिक तंत्रों पर लागू होता है. यह तंत्रों के अंदर संसाधनों या पूँजी के संचय के बारे में अंर्तदृष्टियों के साथ जटिलता में वृद्धि से संबंधित अंर्तदृष्टियों का संयोजन करता है जो पारिस्थितिकि उत्तराधिकार या सामाजिक समस्या समाधान करने के परिणामस्वरूप होता है (Scheffer et al. 2002) … अनुकूलन चक्र में एक विकास चरण होता है, जो एक संरक्षण चरण की ओर ले जाता है. अशांति और तनाव, चाहे आंतरिक या बाह्या, एक मुक्ति चरण की ओर ले जाता है, और यदि तंत्र के लिए उपलब्ध संसाधन आधार अराजकता द्वारा समाप्त नहीं हो जाता है तो एक पुर्नगठन चरण एक परवर्ती विकास चरण के लिए स्थिति तैयार कर देता है

द' बाल्टीमोर इकोसिस्टम स्टडी अर्बन लेक्सिकन

…चार चरण रैखिक रूप में नहीं बल्कि एक अनन्त लूप के रूप में प्रदर्शित किए जाते हैं. एक बार किसी विचार या संगठन के परिपक्वता (संरक्षण) अवस्था में पहुँचने पर इसे नवीनता या परिवर्तन के लिए संसाधनों को मुक्त करने की आवश्यकता होती है और इसकी नम्यता बनाए रखने के लिए अन्वेषण में पुन: शामिल होता है. मुक्ति और पुर्नगठन चरण को आमतौर पर बैक लूप कहा जाता है, जिसमें गैर-नियमित परिवर्तन की शुरूआत होती है. शोषण और संरक्षण चरणों को आमतौर पर फ्रंट लूप कहा जाता है, जिनमें परिवर्तन धीमा, वृद्धिशील, और अधिक इच्छित होता है.

सामाजिक नवाचार उत्पत्ति, परिभाषाएं.



अनुकूलित चक्र: जटिल तंत्रों में रेजिलिएंस में रूपांतरण के सम्बन्ध का सिद्धांत.

स्रोत: रेजिलिएंस (नम्यता) प्रोजेक्ट से दस निष्कर्ष. द' रेजिलिएंस एलायंस, पीटरसन, जी. (2009).

अनपेक्षित परिणाम

क्योंकि अरैखिक और अनिश्चितता के कारण हमेशा अनपेक्षित परिणाम होंगे.

इनस्केपिंग "रोजमर्रा के कार्य के दौरान संगठनात्मक सदस्यों के आंतरिक अनुभवों को सतह पर लाने का कार्य … विचार और सहज-बोध, आकांक्षाएं और डर, सिद्धांत और यादें."

सोशल इनोवेशन फ्रॉम द' इनसाइड आउट, वारेन नीलसन.

उद्भव व्यवहार के प्रतिमान और नियमितता निर्मित करने की घटकों की प्रवृतियां और जटिल अनुकूलन तंत्रों के भीतर परस्परक्रियाएं.

अव्यवस्था से उच्च क्रम की जटिलता उत्पन्न होती है जिसमें एक तंत्र के भीतर विविध इकाइयों के बीच परस्पर क्रियाओं द्वारा नई, सुसंगत संरचनाएं संगठित होती हैं.

व्हाट इज इमरजेंस? पैगी हॉलमैन

एजेंसी एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह की एक तंत्र के अंदर कार्य करने की क्षमता.

एक तंत्र के अंदर एजेंसी और संरचना और वे कैसे परस्परक्रिया करते हैं इस बारे में बहस होती है. क्या संरचनाएं एजेंसी को सक्षम या बाधित करते हैं? क्या एजेंसी संरचनाओं को तैयार और पुर्ननिर्माण करती है? या क्या संरचना और एजेंसी फीडबैक के निरंतर चक्रों में आपस में एक-दूसरे का निर्माण करते हैं?

एजेंसी (अभिकरण) क्या है? अमेरिकन जर्नल ऑफ सोशियोलॉजी, Emirbayer, M and Mische, A.

कॉज़ल लूप डायग्राम कारण और प्रभाव का एक बंद लूप जो इंगित करता है कि कैसे एक तंत्र में कार्यकारी चीजें परस्पर संबंधित होती हैं.

द' वोकाबुलरी ऑफ सिस्टम थिंकिंग: अ पॉकेट गाइड, कोलीन लेनून.

कॉज़ल लूप डायग्राम: संतुलनकारी लूप संतुलन की प्रक्रियाओं में साम्यवस्था चाहिए—वे चीजों को एक वांछित स्थिति में लाने और उन्हें वहां रखने का प्रयास करती हैं. वे सीमित और बाध्य भी करती हैं. एक संतुलनकारी लूप एक संतुलनकारी प्रक्रिया का वर्णन करता है. इसे नकारात्मक लूप भी कहा जाता है.

कॉज़ल लूप डायग्राम: फीडबैक लूप

एक प्रक्रिया की स्थिति के बारे में सूचना की वापसी होना. उदाहरण, वार्षिक प्रदर्शन समीक्षाएं एक कर्मचारी के लिए उसके कार्य की स्थिति के बारे में सूचनाएं वापसी का एक तरीका है

द' वोकाबुलरी ऑफ सिस्टम थिंकिंग: अ पॉकेट गाइड, कोलीन लेनून.

कॉज़ल लूप डायग्राम: सुदृढ़ता लूप

सुदृढ़ीकरण प्रक्रियाएं विकास और पतन दोनों उत्पन्न करती हैं — वे वे और अधिक परिवर्तनों के साथ एक ही दिशा में परिवर्तनों को यौगिक करती हैं. एक सुदृढ़ीकरण लूप एक सुदृढ़ीकरण प्रक्रिया का वर्णन करता है. इन्हें दोषपूर्ण चक्रों या गुणी चक्रों और सकारात्मक फीडबैक लूपों के रूप में भी जानते हैं.

द' वोकाबुलरी ऑफ सिस्टम थिंकिंग: अ पॉकेट गाइड, कोलीन लेनून.

चतुर/चतुरता

मिथकों में, चालाक वयक्ति के पास विशेष ज्ञान होता है और अदृश्य सिद्धांतों को प्रकट करने और यथास्थिति को चुनौती देने के लिए चालाकीपूर्ण ढंग से सामान्य व्यवहार संहिता को उलट देता है. उदाहरण के लिए अमरेंडियन मिथक में कोयोटे अक्सर एक चालबाज है, जो घटनाओं के सामान्य क्रम को उल्टा करता है और सीमाओं को भंग कर देता है. सामाजिक परिवर्तन में चालाकी एक उपयोगी और आवश्यक तत्व है ताकि प्रयोगात्मक भावना में नये मार्गों की कल्पना की जा सके.

जटिलता

अनेक विविध और स्वायत्त, लेकिन अंर्तसंबंधित और परस्पर निर्भर हिस्से जो अनेक सघन आंतरिक जुड़ावों से जुड़े हैं. यह रैखिक और यंत्रवत विचार प्रक्रिया (कभी-कभी न्यूटोनियन कहा जाता है) के बिल्कुल विपरीत है.

जटिल अनुकूलन तंत्र

ऐसे तंत्र गतिशील और अरैखिक परस्पर क्रियाओं से निमित होतें हैं. वे स्वयं-सीखने वाले, स्वयं-व्यस्थित और स्वयं प्रजनक होते हैं.

श्वाब फाउंडेशन, सोशल एंटरप्रेन्यूर्स एन्ड सिस्टम्स चेंज, 2017.

वेगतिशील और अवसरवादी होते हैं, सेलुलर से आकाशगंगा तक प्रत्येक स्तर पर संचालित होते हैं, उद्भव के गुण की विशेषता होना, अराजकता के किनारे पर रहना और हमेशा आसन्न संभावनाओं में आगे बढ़ना. मनुष्य, समाज और पारिस्थितिकियां सभी जटिल अनुकूलता तंत्रों के उदाहरण हैं.

ट्रायार्की प्रैस.

जटिलता विचार प्रक्रिया

जटिलता की प्रकृति और ऊपर परिभाषित एजेंसी और संरचना के मध्य संबंधों के कारण हम स्वयं को तंत्र से बाहर नहीं देख सकते हैं. हम चीजों को निर्धारणत्मक तरीके से व्यवहार करने की अपेक्षा नहीं कर सकते और जब हम किसी गतिविधि को दोहराते हैं हम इसे दूसरी बार उसी ढंग से उत्पन्न होने की उम्मीद नहीं कर सकते.

जटिलतापूर्ण विचार प्रक्रिया हमारे सामाजिक नवाचार दृष्टिकोणों के प्रति और जटिल अनुकूलन तंत्रों—और सामाजिक, आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक परिवर्तन की हमारी समझ और पर लागू होती है जो एक व्यवस्थित परिवर्तन का हिस्सा होगा.

टिपिंग पॉइंट

एक परिस्थिति, प्रक्रिया या तंत्र में महत्वपूर्ण बिंदु जिससे आगे एक महत्वपूर्ण और प्राय: अबाध प्रभाव या परिवर्तन होता है.

मरियम वेबस्टर डिक्शनरी.

सामाजिक-पारिस्थितिकि तंत्र हमेशा बढ़ते या घटते दबावों के प्रति आनुपातिक प्रतिक्रिया नहीं करते, और एक निश्चित सीमा या टिपिंग बिंदु से आगे दबाव में वृद्धि अचानक बहुत व्यापक, और अक्सर तीव्र परिवर्तन को आरंभ कर सकता है जिसे सहजता से उसी स्थिति में नहीं लाया जा सकता. एक बार टिपिंग पॉइंट से

गुजरने के बाद तंत्र एक अलग स्थिति में गति करेगा या एक अलग विकास पथ का अनुसरण करेगा.

देखें कैटास्ट्रॉफि शिफ्ट्स इन इकोसिस्टम्स, शैफर, और अन्य तथारेजाइम शिफ्ट्स इन द' एंथ्रोपोसिन: ड्रायवर्स, रिस्कस एन्ड रेजिलिएंस, रोशा और अन्य.

पारिस्थितिकी तंत्र

एक तंत्र या परस्पर जुड़े हुए तत्वों का एक समूह, अपने वातावरण के भीतर जीवों के एक समुदाय की परस्पर क्रिया से निर्मित; जैसे एक व्यवसाय में कोई तंत्र या परस्पर जुड़े हुए हिस्सों का एक नेटवर्क.

Dictionary.com

पैनारकी

सामान्यत: तंत्रों के परंपरागत, पदानुक्रम व्याख्या के विपरीत समझा जाता है, पैनारकी सामाजिक-आर्थिक तंत्रों की *जुड़ी हुई और अंत:प्रविष्ट* प्रकृति को निर्दिष्ट करता है और प्रत्येक पैमाने पर अनुकूलन चक्र की गतियशीलता और पैमानों के बीच कनेक्शन दोनों को सम्मिलित करता है.

पैनारकी: थ्योरी एन्ड एप्लीकेशन, क्रेग आर. एलेन, और अन्य.

इसी के अंदर अंत:प्रविष्ट पैमानों का विचार है: तंत्र विभिन्न पैमानों पर मौजूद होते हैं जो अत्यधिक अंर्तसंबंधित होते हैं, और जो विभिन्न समय और स्थानों के चक्रों में से गुजरते हैं. अनुकूलित चक्र "सभी स्थान और समय पैमानों में अंत:प्रविष्ट, एक के भीतर दूसरा होते हैं" (हॉलिंग, और अन्य, 2002) और इस प्रकार एक स्तर पर परिवर्तन अन्य स्तरों को प्रभावित कर सकता है.

इस पर और जानकारी के लिए, देखें व्हेन स्केलिंग आउट इज नॉट इनफ: स्ट्रेटजीज फॉर सिस्टम्स चेंज, वेस्ले एन्ड एंताजे, 2013.

पराक्सिस

सिद्धांत का व्यवहारिक अनुप्रयोग। मरियम वेबस्टर डिक्शनरी.

यह सीखने और अभ्यास का गठजोड़ है, और इसका अर्थ है दो स्थिर,परस्पर-सूचित करने वाली प्रवृत्तियों को साथ जोड़ना.

बंद तंत्र और खुले

बंद तंत्र आमतौर पर उनके वातावरण से प्रभावित होते हैं जबकि बंद तंत्र उनके

तंत्र	वातावरण से अलग थलग होते हैं. तंत्र कैसे बाध्य या परिभाषित किया जाए ऐसे अंतर निर्धारित कर सकते हैं कि क्या तंत्रों को खुले या बंद के रूप में वर्गीकृत किया जाए.
ब्रायकोल्युर	एक व्यक्ति जो ब्रायकोलाज से जुड़ा रहता है — सामाजिक और तंत्र नवाचार की एक भूमिका.
ब्रिकोलाज	एक फ्रेंच शब्द जो मूल रूप से कबाड़ इक्ट्ठा करने वालों के लिए इस्तेमाल होता था. "किसी भी उपलब्ध सामग्री के मूल उद्देश्य की परवाह नहीं करते हुए रचनात्मक और उपयोगी तैयार करना." सोशल इनोवेशन एन्ड रेजिलिएंस: हाउ वन एनहांस द' अदर, एफ. वेस्ली. अन्य परिभाषा है: "नकारा से कुछ तैयार करना: उद्यमिता ब्रायकोलाज द्वारा संसाधन संरचना करना." क्रिएटिंग समथिंग फ्रॉम नथिंग: रिसॉर्स कंस्ट्रक्शन थ्रू एंटरप्रीनयूरियल ब्रायकोलाज, टी. बेकर एन्ड आर.ई. नेल्सन. ब्रायकोलाज को आवश्यक समझा जाए, क्योंकि सामाजिक नवाचार हमेशा मौजूदा सामग्रियों, संसाधनों या पूँजी के पूर्नसंयोजन को शामिल करता है.
तंत्र	परस्पर क्रिया करने, परस्पर संबंधित और आपस में निर्भर तत्वों का समूह जो पूरी जटिल इकाई निर्मित करते हैं. लगभग हमेशा एक विशिष्ट प्रयोजन के साथ परिभाषित किया जाता है. तंत्र और संरचना को कभी-कभी एक दूसरे के स्थान पर भी उपयोग किया जाता है. द' वोकाबुलरी ऑफ सिस्टम थिंकिंग: अ पॉकेट गाइड, कोलीन लेनून.
तंत्र उद्यमी/उद्यमिता (कभी-कभी उद्यमी/उद्यमि	सामाजिक उद्यमी के विपरीत, तंत्र उद्यमी या —तंत्र नवोन्वेषक— का लक्ष्य एक संपूर्ण तंत्र (सूक्ष्म, वृहत्त और मध्यम पैमानों)—में बदलाव करना है, जो तंत्र को अनुकूलित होने में नहीं, बल्कि इसके रूपांतरण में मदद के लिए होता है. इसमें एक सामाजिक नवाचार पैदा करना, सामाजिक संगठन प्रभावित करने के लिए इसे

ता भी कहा जाता है; हम तंत्र नवोन्वेषक भी कहते हैं)

कानून, नीतियों या नियमों के साथ अंत:स्थापित करना, और नियमों, मान्यताओं, सत्ता संरचनाओं और संसाधन प्रवाह को बदलना भी शामिल है जो समस्याओं के प्रथम योगदानकर्ता होते हैं.

इस कार्य में तंत्र गतिशीलता के विश्लेषण और हस्तक्षेप करने की समझ और सक्षम होना; सभी स्केलों (आउट, अप, डीप) में कार्य करना; अंत:स्थापित पैमानों को काम में लेना; और परिवत्रन के प्रयासों के साथ अवसरों का मिलान करना शामिल है.

सरमाउंटेबल कैस्मस: नेटवर्क एन्ड सोशल इनोवेशन फॉर रेजिलिएंस सिस्टम्स, मूर एन्ड वेस्ली और द' इवोल्यूशन ऑफ सोशल इनोवेशन, पर ओलसन.

तंत्र की सीमाएं

तंत्र का अध्ययन करने के लिए तंत्र की सीमाओं को परिभाषित करना महत्वपूर्ण है. विभिन्न सीमाएं विभिन्न विश्लेषण और परिणाम पैदा कर सकती हैं. जब तंत्रों का विश्लेषण करते हैं तो एक तंत्र की सीमाएं बहस का महत्वपूर्ण बिंदु हो सकती हैं.

श्वाब फाउंडेशन, सोशल एंटरप्रेन्यूर्स एन्ड सिस्टम्स चेंज, 2017.

तंत्र के घटक

तंत्र वस्तुओं, गुणों, संबंधों और वातावरण से निर्मित होते हैं. जब एक तंत्र का अध्ययन कर रहे हों, घटकों के परस्पर संबंधों और आपसी निर्भरता का महत्व होता है, घटकों के अलग-अलग होने का नहीं.

श्वाब फाउंडेशन, सोशल एंटरप्रेन्यूर्स एन्ड सिस्टम्स चेंज, 2017.

तंत्र गतिशीलता

अध्ययन का एक क्षेत्र जिसमें सामाजिक आौर कॉर्पोरेट तंत्रों की बेहतर समझ प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर उत्प्रेरक मॉडलों के निर्माण की पद्धति शामिल है. यह संगठनात्मक अध्ययनों, व्यवहार संबंधी निर्णय सिद्धांत और जटिल तंत्रों में संबंधों की रचना करने के लिए एक सैद्धांतिक और अनुभवजन्य आधार प्रदान करने के लिए अभियांत्रिकी की ओर ले जाती है.

द' वोकाबुलरी ऑफ सिस्टम थिंकिंग: अ पॉकेट गाइड, कोलीन लेनून.

तंत्र परिवर्तन

बुनियादी रूप से, और एक बड़े पैमाने पर, प्रासंगिक खिलाड़ियों के तरीके को

(कभी-कभी तंत्र नवाचार या तंत्र रूपांतरण भी कहा जाता है)

बदलना एक बड़ी सामाजिक चुनौती का समाधान करता है, जैसे उस समस्या से प्रभावित लोगों के एक महत्वपूर्ण जनसमूह टिकाऊ रूप से लाभप्रद (

बियांड ऑर्गेनाइजेशनल स्केल: हाउ शोशल इंटरप्रीन्युर्स क्रिएट सिस्टम चेंज, मार्टिन फिशर.

तंत्र परिवर्तन में जुड़ावों और परस्परक्रियाओं में बदलाव शामिल है जो तंत्र के स्थापत्य को निर्मित करते हैं - नियम और मानदंड जो तंत्र को इसके कार्य करने ढंग के अनुरूप बनाते हैं, इसके साथ-साथ लक्ष्य, मानदंड, और मान्यताएं, जो यदि अपरिवर्तित रहें तो तंत्र को अधिक समावेशी रूप से कार्य करने से वंचित कर सकते हैं. इसमें "मानसिक आदर्शों, संबंधों, और संचालन के सही माने गए तरीकों साथ उतना ही अधिक इसमें संगठनात्मक भूमिकाओं और औपचारिक संरचनाओं, मीट्रिक और प्रदर्शन प्रबंधन, और लक्ष्यों और नीतियों में बदलाव सम्मिलित है.

एकेडमी फॉर सिस्टमज चेंज, व्हॉट इज सिस्टमस चेंज?

तंत्र नवाचार

तंत्र में इसके अपने व्यापक स्तर पर परिवर्तन; तंत्र को अनुकूलित होने में नहीं, बल्कि इसके रूपांतरण में मदद के लिए, अर्थात अर्थों और व्यवहारों के ढांचागत सेट में बदलाव जो समय के साथ सामाजिक परस्परक्रिया की रचना करते हैं; नियमों, मान्यताओं, सत्ता संरचनाओं, संसाधन प्रवाह आदि के अंर्तनिहित सामाजिक नमूनों में बदलाव करना, जो समस्याओं के प्रथम योगदानकर्ता होते हैं.

रेजिलिएंस (नम्यता)

अनुकूलित, सीखने और परिवर्तित करने की क्षमता बनाए रखते हुए आघातों को सहन करने की क्षमता.

हैण्डबुक ऑफ सस्टेनेबिलिटी एन्ड सोशल साइंस रिसर्च.

रेजिलिएंस हमेशा वांछनीय नहीं होती; कभी-कभी तंत्र के उद्यमकर्ताओं को घुमावदार तंत्रों में नम्यता को कम करने के लिए कार्य करना पड़ता है.

लीवरेज पॉइंट

डोनेलिया मीडोव लीवरेज पॉइंट को सरल शब्दों में "तंत्र में परिवर्तन लाने और बदलाव करने के लिए तंत्र के भीतर हस्तक्षेप करने के स्थानों के रूप में परिभाषित करती है. उन्होंने ऐसे नौ लीवरेज पॉइंट को चिह्नित किया है (यहां मीडोव के अनुसार, प्रभावकारिता के घटते क्रम में सूचीबद्ध किया है)

1. मानसिकता या प्रतिमान जिसमें से तंत्र उत्पन्न होता है (लक्ष्य, सत्ता संरचना, नियम, संस्कृति)
2. तंत्र के लक्ष्य
3. तंत्र के नियमों पर सत्ता का वितरण
4. तंत्र के नियम (प्रोत्साहन, सजा, बाधक)
5. सूचना प्रवाह.
6. सामग्री प्रवाह और सामग्री प्रतिच्छेदन की ग्रंथियां
7. सकारात्मक फीडबैक लूप संचालक
8. सकारात्मक फीडबैक लूप विनियमन
9. स्थिरांक, पैरामीटर, संख्याएं (सब्सिडी, कर, मानक).

विकासात्मक मूल्यांकन

एक मूल्यांकन दृष्टिकोण जो वास्तविक समय, या वस्तविक समय के नजदीक, प्रोग्राम स्टाफ को फीडबैक सुविधा प्रदान करता है इस प्रकार एक लगातार विकासात्मक लूप को सुगम बनाता है.

विकासात्मक मूल्यांकन विशेष रूप से नवाचार, मौलिक प्रोग्राम पुन: डिजाइन करने, प्रतिरूपों,जटिल मुद्दों, संकटों के लिए उपयुक्त है

इन परिस्थितियों में DE (वि.मू.) इनके द्वारा मदद कर सकता है: संकल्पनाएं बनाना, पुनरावृत्तियों का परीक्षण, घटनाओं का अनुसरण, मुद्दों को सामने लाना.

बैटर इवेल्यूएशन

विकट समस्याएं विकट समस्याएं दुसाध्य होती हैं और समाधान करना असंभव लगता है. जटिल, अनुकूलनीय तंत्रों में बड़ी समस्याएं स्वाभाविक रूप से परस्पर अंर्तसम्बद्धता, अरैखिक, फीडबैक कुंडलियों के मजबूत होने आदि के कारण विकृत होती हैं.

इस पर अधिक जानकारी के लिए, देखें डिलेमाज इन ए जनरल थ्यूरी ऑफ प्लानिंग,, रायटेल एन्ड वेबर.

विकट प्रश्न विकट प्रश्न एक विशिष्ट रूप से विकट समस्याओं को शब्द प्रदान करता है जिसे एक मुद्दे पर दो प्रमुख विरोधी दृष्टिकोण के रूप में देखा जाता है (जिसे कभी-कभी दुविधा के सींग भी कहते हैं) और जुड़ने और रचनात्मक सोच के लिए आमंत्रित करता है.

विविधता विविधता जटिल तंत्रों की एक मुख्य विशेषता है और तंत्रों के नवोन्वेषकों के लिए कौशल सेट, भौगोलिक, जनसांख्यिकी, आदि सेक्टरों में प्रतिनिधित्व के साथ बहुत महत्वपूर्ण है.

संरचना संस्थाएं और मानदंड जो सामूहिक या व्यक्तिगत कार्य के अवसरों को आकार देते हैं या सीमित करते हैं.

एक तंत्र के भीतर एजेंसी और संरचना की भूमिकाएं और वे कैसे परस्पर क्रिया करते हैं इसके बारे में बहस होती है —मुख्य प्रश्न है: एक तंत्र के अंदर कोई व्यक्ति किस हद तक स्वायत्त कार्य कर सकता है?

जैसे जैसे संरचना और एजेंसी, Wikipedia

संरचना करना व्यक्ति और संरचनाएं दोनों सामाजिक-पारिस्थितिकि तंत्रों को तैयार और पुर्नरूत्पादन करते हैं. एक-दूसरे के बगैर ना तो सूक्ष्म और ना ही व्यापक पैमाने का समझा जा सकता है, क्योंकि वे एक-दूसरे को आकार देते हैं और पुनरुत्पादन करते हैं. तंत्र उद्यमी इसका उपयोग यह समढने के लिए करते हैं कि उनके सामाजिक नवाचारों को किस प्रकार अन्य पैमानों पर आकार दिया जा सकता है और कैसे वे मौजूदा तंत्रों के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं का पुनरूत्पादन भी कर सकते हैं.

संस्थाएं विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाएं जो स्थानों में उत्पन्न होती हैं और सत्ता की कुछ प्रमुख सामाजिक संरचनाओं के भीतर दरार पैदा करती हैं.

एनवाइजनिंग रीयल यूटोपिया, एरिक ओलिन राइट.

स्केल तंत्र अनेक अलग-अलग स्तरों पर संचालित होते हैं: व्यक्तिगत, आस-पड़ोस, शहरों, देशों ओर वैश्विक समुदाय.

सामाजिक नवाचार में, स्केल और स्केलिंग शब्द इस्तेमाल किए जाते हैं. सामाजिक और सामाजिक-पारिस्थितिकि पैमानों में विभिन्न स्तर सम्मिलित होते हैं. बड़े स्तर की मानदंडों, आस्थाओं, मूल्यों, आध्यत्मिकता और प्रमुख सामाजिक-पारिस्थितिकि-आर्थिक-तकनीकी विशेषताएं होती हैं. मध्यम स्तर में नियमों और सत्ता के प्रमुख सेट जो निर्धारित करते हैं शक्ति किसके पास रहे, संसाधनों का प्रवाह कैसे हो, और शासन और नीति को आकार देने वाली प्रमुख संगठनात्म संरचनाएं सम्मिलित होते हैं. सूक्ष्म स्तर के पैमाने में व्यक्तिगत परस्पर क्रिया शामिल होती है और नवाचार के साथ प्रयोग करने के सुरक्षित आश्रय सम्मिलित हो सकते हैं.

इस पर अधिक जानकारी के लिए, देखें स्केलिंग आउट, स्केलिंग अप, स्केलिंग डीप: एडवांसिंग सिस्टेमिक सोशल इनोवेशन एन्ड लर्निंग प्रोसेस टू स्पोर्ट इट, डार्सी रिड्डल एण्ड मिशेल-ली मूर.

स्केलिंग

स्केलिंग शब्द को आमतौर पर किसी पहल के सफलतापूर्वक प्रसार को निर्दिष्ट करने के लिए उपयोग किया जाता है. परंतु, तंत्रों के नवाचार में, हम तीन रूपों में विभाजन करते हैं:

स्केलिंग आउट: किसी नवाचार को उसी पैमाने (विशेषकर सूक्ष्म पैमाने) पर दोहराना या नकल करना, जैसे एक सफल प्रोग्राम को अनेक स्कूलों या हॉस्पिटलों में दोहराना.

स्केलिंग अप: कानूनों, नीतियों, नियमों को बदलना (मध्यम-स्तर की संरचनाएं) प्राय: अक्सर इस पैमाने पर नवाचार ऐसे नवाचार से अलग होता है जो सूक्ष्म स्तर पर सफलतापूर्वक आरोपित किया गया है.

स्केलिंग डीप: संबंधों, मूल्यों, मानदंडों या मान्यताओं, और सामाजिक पैमानों के बड़े स्तरों को बदलना.

इस पर अधिक जानकारी के लिए, देखें स्केलिंग आउट, स्केलिंग अप, स्केलिंग डीप: एडवांसिंग सिस्टेमिक सोशल इनोवेशन एन्ड लर्निंग प्रोसेस टू स्पोर्ट इट, डार्सी रिड्डल एण्ड मिशेल-ली मूर.

सामाजिक उद्यम/मिता

सामाजिक उद्यमी किसी मौजूदा तंत्र में नये विचारों, प्रक्रियाओं और उत्पादों को निर्मित करने और परिचित करवाने में निपुण होते हैं. अधिकतर विशाल संस्थागत संदर्भ (कानूनों, नीतियों, अर्थव्यवस्था, संस्कृति) को चुनौती नहीं देते, बल्कि इसकी बजाय संदर्भ को अनुकूल होने और सीखने देकर नम्यता बनाए रखने में मदद करते हैं. "जहाँ तक सामाजिक उद्यमिता एक व्यक्ति पर केंद्रित होती है और सामाजिक उद्यमिता संगठनों को देखती है, सामाजिक नवाचार तंत्र के संचालित होने के तरीके में परिवर्तन का प्रयास करता है." (वेस्ली एन्ड एंताजे).

यह आरेख उनमें अंतरों को दर्शाता है



मेकिंग अ डिफरेंस: स्ट्रेटजीज फॉर स्केलिंग सोशल इनोवेशन फॉर ग्रेटर इम्पैक्ट, फ्रांसिस वेस्ली एन्ड निनो अंताजे.

सामाजिक नवाचार

नये विचार, कार्यपद्धतियां, प्रोग्राम, प्रक्रियाएं या उत्पाद जो सामाजिक और पारिस्थिकि तंत्रों में संसाधनों के प्रवाह और अधिकार में वृहत्तर स्तर पर परिवर्तन करते हैं. इसमें हमारों समाजों में व्यवस्था कायम रखने वाले सभी पैमानों पर स्थानीय समुदायों से लेकर व्यापक राजनैतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संस्थाओं तक संचाचित सामाजिक और संस्थागत उद्यमी सम्मिलित हैं.

सिस्टम आर्कटाइप्स (मूलरूप)

सिस्टम आर्कटाइप्स को तंत्रों की क्लासिक कहानी के रूप में विचार किया जा सकता है—एक समान साँचे और संरचनाएं जो बार-बार उत्पन्न होते हैं. (कोलीन लेनून). आर्कटाइप्स उपयोगी टूल हैं जो हमें इस सवाल का उत्तर देने में मदद करते हैं: "हम समय के साथ उन्हीं समस्याओं की पुनरावृत्ति होते क्यों देखते हैं?" (विलियम ब्राउन). सिस्टम आर्कटाइप्स के बारे में जानने के लिए, Braun's 2002 पेपर देखें, द' सिस्टम आर्कटाइप्स.

शैडो नेटवर्क शैडो नेटवर्क घुमावदार तंत्रों में मौजूदा नेटवर्क से अलग, परंतु इनके साथ-साथ कार्य करते हैं. उनकी विशेषताएं होती हैं:

- राजनैतिक स्वतंत्रता और नियम बनाने और क्रियान्वयन के झगड़ों से बाहर होना.
- ऐसे स्थान होना जो *वैकल्पिक* नीतियां (इनक्यूबेटर) विकसित करें, एक-दूसरे से सीखने का साहस और रचनात्मक रूप से विचार करना कि संसाधन की समस्या कैसे समाधान करें.
- यह क्षमता होना कि *औपचारिक* राजनैतिक परिदृश्य और विभिन्न स्तरों के नेटवर्कों में जुड़े.

पर ओलसन, रिसर्च ऑन इनोवेशन एन्ड ट्रांसफोर्मेशन फॉर पीपल एन्ड प्लेनेट

ह्युरिस्टिक (अनुमानी) एक ह्युरिस्टिक तकनीक - आमतौर पर ह्युरिस्टिक कहा जाता है - एक समस्या समाधान, सीखने या खोज करने के लिए कोई दृष्टिकोण जिसमें व्यवहारिक विधि अपनाई जाती है जिसके सर्वोत्तम या सही होने की गारंटी नहीं है लेकिन तत्काल लक्ष्यों के लिए पर्याप्त होती है.

विकिपीडिया.

सामान्य बातचीत में, हम ह्युरिस्टिक को अक्सर एक बौद्धिक शार्टकट सोचते हैं जो हमें समस्याओं के समाधान करने और शीघ्रता और कुशलतापूर्वक निर्णय लेने की अनुमति देता है. ह्युरिस्टिक अनेक परिस्थितियों में सहायक होते हैं लेकिन वे संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों की ओर भी ले जा सकते हैं.

वैरी वेल माइंड, Kendra Cherry.

हॉर्न ऑफ डिलीमा (दुविधा) दुविधा की स्थिति में फंसना एक प्रकार से यह निर्णय करने में असमर्थ होना है कि दो चीजों में से कौन सी की जाए क्योंकि उनमें से एक के खराब परिणाम हो सकते हैं. कैम्ब्रिज डिक्शनरी.

सामाजिक तंत्रों में, ज्यादातर समस्याओं (बेघर, गरीबी, भोजन सुरक्षा, शहरी टिकाऊपन) में विरोधाभास या विरोधी तत्व होते हैं, कभी-कभी दुविधा के सींगों में फंसने के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है. उदाहरण के लिए, हम अनुभव कर सकते हैं कि सभी के लिए घर होना चाहिए लेकिन साथ ही हम निजी संपत्ति को महत्व देते हैं. अधिकतर समाजों में कुछ स्थायी विरोधाभास होते हैं — जैसे व्यक्तिवाद बनाम सामूहिक भलाई; विशेषज्ञता का महत्व बनाम स्वयं-सहायता का महत्व. हम एक पहलू पर जोर देने के लिए प्रवृत्त होते हैं, एक को सकारात्मक और दूसरे को नकारात्मक परिभाषित करते हुए, या एक समझौतावादी समन्यय के रूप में एक के ऊपर दूसरे का पक्ष लेते हुए ... परंतु, नवाचार प्रेरित होता है जब हम दोनों पहलुओं को उनके सकारात्मक मूल्य के संदर्भों में परिभाषित करते हैं (जैसे केवल नियम *और* व्यक्तिगत संबंध; निजी संपत्ति *और* सभी के लिए आवास, व्यक्तिगत पसंद *और* सामाजिक हितों में विश्वसनीय आदान-प्रदान).

इसी कारण, शैतानी सवाल एक विरोधाभास के रूप में बेहतर आकार लेते हैं जो दोनों को महत्वपूर्ण समझते हुए अनुमानित विरोधी पक्षों में समझौते की माँग करते हैं.

देखें चार्टिंग द' कॉर्पोरेट माइंड, चार्ल्स हैम्डेन-टर्नर.